बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 1411 /ब.विवि./अकादमी/दी.सम./2023

भोपाल, दिनांकः 21.07.2023

-अधिसूचना-

विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के ज्ञान-विज्ञान भवन में दिनांक 05.09.2023 को प्रातः 11.00 बजे आयोजित किया जायेगा।

दीक्षांत समारोह में **सत्र 2021-22** के पात्र विद्यार्थियों को उपाधि/स्वर्ण पदक/मैरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाएंगे, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

1) डी.लिट./डी.एससी./पीएच.डी. उपाधि :- जिन शोधार्थियों की उपाधि संबंधी अधिसूचना **अकादमिक सत्र 2021-22 में 01 जुलाई 2021 से 30 जून 2022 तक** की अवधि में जारी हो चुकी है तथा जिन्होंने अभी तक उपाधि (डिग्री) प्राप्त नहीं की है वे शोधार्थी ही इस सत्र में उपाधि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पात्र होंगे।

2) स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय के नियमानुसार सभी संकायों के वे स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो **सत्र 2021-22 की परीक्षाओं में** विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित स्वर्ण पदक की पात्रता रखते हैं। (सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखें)

3) मैरिट प्रमाण पत्र **सत्र 2021-22 की स्नातकोत्तर परीक्षाओं में** मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी (जिन्होंने अभी तक प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है) ही प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे।

4) अन्यः- इसके अतिरिक्त आलोच्य सत्र के उन सभी आवेदकों के लिये जिन्होंने दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिये अपना पंजीयन करवाया है, दीक्षांत समारोह के समापन के बाद विश्वविद्यालय के ज्ञान विज्ञान भवन से उपाधि प्रमाण-पत्र प्रदान करने की व्यवस्था की जाएगी।

सभी इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे व्यक्तिशः इस समारोह में उपस्थित हो कर उपाधि/स्वर्ण पदक/मैरिट प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित (ऑन-लाइन) आवेदन प्रपत्र में निर्धारित शुल्क के साथ अपना आवेदन दिनांक 21.08.2023 तक एवं निर्धारित विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 29.08.23 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करते समय अपना ई-मेल आई.डी. तथा मोबाइल नम्बर अनिवार्यतः लिखें।

अपूर्ण आवेदन को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन प्रपत्र एवं दीक्षांत समारोह में भाग लेने संबंध अन्य सभी दिशा-निर्देश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की वेबसाइट - **www.bubhopal.ac.in** पर अवलोकित किये जा सकते हैं।

(क) शुल्क - पंजीयन शुल्क रू. 200.00 (उपाधि का मूल शुल्क रुपये 300.00 मेरिट प्रमाण-पत्र मूल शुल्क रुपये 100.00 अतिरिक्त देय होगा) विलम्ब शुल्क रुपये 100.00 (पोर्टल शुल्क अतिरिक्त देय होगा)

(ख) सम्पर्क - स्वागत् एवं विद्यार्थी सहायता केन्द्र फोन नं. 0755-2517100, 0755-2517200 सहायक कुलसचिव परीक्षा 0755-4002896, सहायक कुलसचिव अकादमी फोन नं. 0755-4902548, आई.टी. प्रकोष्ठ फोन नं. 0755-4726931, केवल व्हाट्सएप नं. 8319094166

नोट - आवेदन सिर्फ ऑनलाइन ही मान्य किये जाएंगे।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृ.क्रमांकः 1412 /ब.विवि./अकादमी/दी.सम./2023

भोपाल, दिनांकः 21.07.23

1. सर्व संबंधितों को सूचनार्थ।
2. महामहिम कुलाधिपतिजी एवं राज्यपाल के प्रमुख सचिव, राजभवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
3. माननीय मंत्री महोदय, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
4. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
5. आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, बी विंग, भोपाल।
6. विभागाध्यक्ष/संचालक, विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक विभाग एवं संस्थान, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।
7. समन्वयक/सह-समन्वयक, दीक्षांत समारोह।

noti ACAD convocation sess 2021 22 12723

8. विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी।

9. प्रभारी, आई.टी. प्रकोष्ठ, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय वेब साइट पर अपलोड करने के आशय से।

10. प्रभारी, जनसंपर्क, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की ओर अधिसूचना को दैनिक समाचार पत्रो में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने के अनुरोध के साथ।

11. कुलपतिजी के सचिव।

12. कुलसचिव के निज सहायक।

13. नस्ती प्रति।

उप-कुलसचिव (अकादमी)

noti ACAD convocation sess 2021 22 12723